ANCE (SHRI EDUARDO FALEIRO): (a) The Company was permitted to issue fully convertible debentures for a total amount of Rs 500 crores; each debenture of Rs. 145 convertible into two equity shares of Rs. 10 each at a pennium of Rs. .62.50 per share.

(b) No, Sir.

(c) The transaction referred to, did not give rise to any capital gains chargeable to Jw^tDe Tax.

विदेशी मुद्रा भंडारों में कमी

3638. **श्री रशीद मसूद** : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जनवरी और फरवरी, 1988 के दौरान विदेशी मुद्रा भंडारों में कमी आई है ; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में तथ्य क्या हैं और इसके कारण क्या हैं ?

वित्त मंत्रालय में आर्थिक कार्य विभाग में राज्य मंत्री (श्री एडुवर्डो फेलेरियो) : (क) और (ख) विदेशी मुद्रा भंडार (सोने और विशेष आहरण अधिकारों को छोड़कर) जो 31-12-1987 को 7145.19 करोड़ रुपये का था, घट कर 30-1-1988 को 6360.06 करोड़ रुपय का रह गया लेकिन 29 फरवरी, 1988 को बढ़ कर यह 6501.39 करोड़ रु० हो गया ।

विदेशी मुद्रा भंडार में होने वाली घट-बढ़ पर किसी एक घटक के प्रभाव का अलग से पता लगाना इस समय सम्भव नहीं होगा । भुगतान शेष के आंकड़े विदेशी मुद्रा भंडार में इस अवधि के दौरान हुई घट-बढ़ को प्रभावित करने वाले अलग-अलग घटकों के विस्तृत ब्यौरों के साथ भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा संकलित किए जाने और उपलब्ध कराये जाने में कुछ समय लगेगा ।

उत्तर प्रदेश में बुनकरों की प्राथमिक सोसाइटियां

3639. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में इस समय बुनकरों की कितनी पंजीकृत प्राथमिक सोसाइटियां कार्य कर रही हैं ;

(ख) विनिर्मित और बेचे गये उत्पादों का ब्यौरा क्या है तथा पिछले तीन वर्षों के दौरान इन सोसाइटियों का वर्षवार कितना माल बिना बिका पड़ा है ; और

(ग) केन्द्रीय सरकार ने सातवीं योजना के अंतिम तीन वर्षों के दौरान इन सोसाइटियों को क्या सहायता और प्रोत्साहन दिये हैं तथा सरकार अगले वित्तीय वर्ष, 1988-89 के दौरान इन्हें कितनी धनराशि प्रदान करने का विचार रखती है ?

वस्त्र मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा): (क) जैसाकि राज्य सरकारों द्वारा सूचना दी गयी है, उत्तर प्रदेश में 3589 पंजीकृत बुनकर समितियां कार्य कर रही हैं ।

(ख) जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

(ग) केन्द्र सरकार प्राथमिक बुनकर समितियों को शेयर पूंजी आधार को सुदृढ़ बनाने, करघों की खरीददारी/आधुनिकीकरण/नवीनीकरण, वेतनभोगी सचिवों की नियुक्ति के लिये प्रबंधकीय उपदान देने के लिय समान आधार पर विभिन्न योजना प्रणालियों के अंतर्गत राज्य सरकार को सहायता प्रदान करती है । इसके अतिरिक्त केन्द्रीय और राज्य सरकारों द्वारा, हथकरघा माल की खुदरा बिक्रियों पर तथा हथकरघा विकास आयुक्त द्वारा अनुमोदित तथा आयोजित राष्ट्रीय हथकरघा प्रदर्शनियों में बराबर 20% की छूट दी जाती है । पिछले 3 वर्षों के दौरान उपर्युक्त योजना के अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार द्वारा दी गयी सहायता को दर्शाने वाला विवरण संलग्न है (नीचे देखिये) । केन्द्र सरकार प्रत्येक वर्ष

राज्य सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर योजना-वार निधियां रिलीज करती है न कि राज्य-वार । इसलिये 1988–89 के दौरान, उत्तर देश की प्रमुख समितियों को रिलीज की जाने वाली निधियों के अग्रिम विवरण निर्दिष्ट करना सम्भव नहीं है ।

विवरण

(लाख रुपये में)

क्रम सं०	योजना	1985–86	1986–87	1987–88
1.	प्राथमिक बुनकर समितियों के अंश पूंजी को मजबूत बनाना	50.00	15.00	--
2.	करघों की खरीद/आधुनिकीकरण/ नवीकरण	25.00	26.50	32.28
3.	वेतन भोगी सचिवों की नियुक्ति के लिए प्रबन्धकीय उपदान	7.00	6.18	--
4.	छूट*	275.33	--	--

*प्राथमिक हथकरघा बुनकर समितियों तथा राज्य के अन्य संगठनों को किए जाने वाले रिलीज शामिल हैं ।

दिल्ली में काल गर्ल रकेट

3640. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :**
श्री जे० पी० गोयल :
श्री गुरुदास दासगुप्त:
श्री बेकल उत्साही :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस वर्ष मार्च के तीसरे सप्ताह में दिल्ली में किसी 'कॉल गर्ल रैकेट' का पता चला है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में पकड़े गये व्यक्तियों के नाम क्या हैं ?

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम) : (क) जी हां, श्रीमन ।

(ख) "काल-गर्ल रैकटियर्स" की गतिविधियों के बारे में सूचना प्राप्त होने पर दिल्ली पुलिस ने एक जाली ग्राहक तैनात करके घोटाला करने वालों को पकड़ लिया । 14 मार्च, 1988 को थाना पार्लियामेंट स्ट्रीट में अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम की धारा 4/5/8 के अधीन एक मामला दर्ज किया गया और निम्नलिखित चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया :-

1. श्री कवंल जीत सिंह
2. श्री श्रीचन्द्र वाधवा
3. श्रीमती विजया राव
4. श्रीमती कविता रेड्डी ।

Meeting of snow and Glacier ice

3641. SHRI AJIT P. K. JOGI; Will the Minister of WATER RESOURCES be pleased to state;,

(a) whether Government have any plan to augment water supply by artificially melting snow and glacier ice; and

(b) whether any pilot experiments have been conducted in this context and if so, with what results?